कार्यालय जिलाधिकारी (भूलेख अनुभाग), रामपुर।

प्रारूप
प्रेस विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम : रामपुर **परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या 432/भूलेख–2015 दिनॉक जुलाई 04 ,2015

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT)किये जाने की अन्तिम तिथि : *22 जुलाई 2015*

परीक्षा शुल्क बैक में जमा करने की अन्तिम तिथि : *21 जुलाई, 2015*

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । लिखित परीक्षा दिनॉक 30 अगस्त 2015 को किया जाना प्रस्तावित है । परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेष पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाइन प्राप्त किया जा सकता है ।

रिक्तियों का विवरण

क्र0 सं0	पदनाम	दिनॉक 01.07.2015 को आयु	वेतन मान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित (सामान्य जाति)	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे 2000)	186	100	36	04	46	मध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1– प्रादेशिक सेना में न्यनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2– राष्ट्रीय कैडेट कौर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो ।

1–लेखपाल पदो की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशेधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा ।

2–दिनॉक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनॉक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो ।आयु सीमा के सम्बध में उ0प्र0 सेवाओं में भर्ती (आयु सीमा) नियमावली–1972 यथा संषेधित 2012 एवं वर्तमान में प्रभावी नियमों में उल्लिखित व्यवस्था अनुसार छूट प्रदान की जायेगी। रिक्त पदो की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है । अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा । इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा ।

3–ऑन–लाइन फार्म दिनॉक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेगें । (अनारक्षित)सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा ।

4–प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आबंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी । परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा ।

5–परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेष पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा जो कि परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेवसाइट http://rampur.nic.in पर उपलब्ध होगा ।

6–ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेवसाइट http://rampur.nic.in पर उपलब्ध होगा।

7– लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 के सम्बध में पूर्व में दिनांक 17.06.2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियो के परीक्षा शुल्क / फार्म स्वीकार (submit) किये जा चुके है उन अभर्थियो द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क / फार्म नही भरे जावेगें उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिये भी मान्य होगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/
जिलाधिकारी, रामपुर ।

कार्यालय जिलाधिकारी, रामपुर ।

संख्या : 432/सात भूलेख–2015 दिनॉक : जुलाई 04 ,2015

प्रतिलिपि जिला सूचना अधिकारी, रामपुर को इस निर्देष के साथ प्रेषित उक्त विज्ञप्ति का प्रकाषन हिन्दी भाषा के दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों कराना सुनिष्चित करें ।

जिलाधिकारी,
रामपुर ।